NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष : 05, अंक :-97, पृष्ठ : 12 | रविवार, 12 अक्टूबर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# पाकिस्तान आतंकियों का पनाहगार- तालिबान

**नई दिल्ली।** अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने काबुल में प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि अफगान सुरक्षा बलों और पाकिस्तानी सेना के बीच हुई झड़प में पाकिस्तान के 58 सैनिक मारे गए और 30 घायल हुए हैं। अफगान अधिकारियों ने यह भी बताया कि अफगान सुरक्षा बलों के करीब 20 से अधिक सदस्य घायल या शहीद हुए हैं।



मुजाहिद के अनुसार, इस ऑपरेशन में कई हथियार भी अफगान बलों के हाथ लगे हैं। तालिबान के प्रवक्ता ने पाकिस्तानी सेना और सरकार पर इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत के आतंकवादियों को प्रशिक्षण देने और उन्हें अपनी जमीन पर पनाह देने का गंभीर आरोप लगाया। उनका कहना था कि ये आतंकवादी कराची और इस्लामाबाद हवाई अड्डों से सीधे प्रशिक्षित किए जाते हैं और फिर अफगानिस्तान में भेजे जाते हैं। मुजाहिद ने यह भी दावा किया कि तेहरान और मॉस्को में हुए हमलों की योजना भी पाकिस्तान में इन केंद्रों से बनाई गई थी।

सम्बंधित खबर पेज 2 पर

## प्रशांत किशोर के खिलाफ केस दर्ज



**वैशाली।** जन सुराज के संस्थापक और बिहार के विधानसभा चुनाव में ताल ठोंक रहे प्रशांत किशोर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। प्रशांत किशोर के खिलाफ वैशाली जिले के राघोपुर थाने में केस दर्ज किया गया है। प्रशांत किशोर पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि प्रशांत किशोर सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ राघोपुर पहुंचे थे। यहीं से उन्होंने अपने चुनावी अभियान की शुरूआत की। बता दें कि जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने शनिवार को राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के गढ़ राघोपुर से चुनावी अभियान की शुरूआत की। उन्होंने दावा किया कि वह तेजस्वी को उनके ही क्षेत्र में अमेठी जैसी हार देंगे। अंचलाधिकारी के आवेदन पर मामला दर्ज किया गया है।

## सपा नेता आजम खान को वापस मिली वाई श्रेणी की सुरक्षा



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की सुरक्षा को फिर से बहाल कर दिया गया है। उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। 23 महीने जेल में बिताने के बाद, आजम खान जमानत पर बाहर आए हैं । अब उन्हें एक बार फिर वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जा रही है। उनकी सुरक्षा में तैनात गार्ड और गनर उनके पास भेज दिए गए हैं। सपा नेता आजम खान को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई थी लेकिन, कोर्ट में दोषी पाए जाने के बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता भी खत्म हो गई थी। इसके चलते उनकी सुरक्षा को वापस ले लिया गया था। मगर, बाद में उनकी सुरक्षा को बहाल कर दिया था। इस बीच वह सीतापुर जेल गए। उनके जेल जाने के बाद सुरक्षा को वापस बुलाया गया था। अब पुनः उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान कर दी गयी है।

ममता बनर्जी के बोल

## लड़कियों को रात में नहीं जाने देना चाहिए बाहर-ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मेडिकल की छात्रा के साथ हुए गैंगरेप के मामले के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि लड़कियों को रात में बाहर नहीं जाने देना चाहिए। पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के एक निजी मेडिकल कॉलेज की छात्रा से गैंगरेप का मामला सामने आया था।

लड़की ओडिशा की रहने वाली है और रात में अपने दोस्त के साथ डिनर के लिए गई थी, जिसके बाद अचानक से तीन अज्ञात लोग वहां पहुंच गए और मेडिकल कॉलेज के कैंपस के पास उसके साथ बलात्कार किया।

मामले के वक्त लड़की का दोस्त घटनास्थल से फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस ने रविवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस घटना में संदिग्ध भूमिका के कारण एक अन्य व्यक्ति को भी हिरासत में लिया है।

ममता बनर्जी ने लड़की के साथ हुए गैंगरेप मामले में चुप्पी तोड़ी और कहा कि लड़कियों को रात में बाहर नहीं निकलने देना चाहिए। इस मामले में सरकार को घसीटना सही नहीं है, क्योंकि लड़की की सुरक्षा को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी निजी मेडिकल कॉलेज की थी। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों की पहचान अभी उजागर नहीं की है। पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।



हमला

पाकिस्तान पर कहर बनकर टूट रहा अफगानिस्तान

# हमले में 58 पाकिस्तानी सैनिक ढेर, 25 चौकियों पर किया कब्जा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बीते कुछ दिनों से तनाव की स्थिति बनी हुई है। पाकिस्तानी एयर अटैक के बाद अब अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तानी सेना पर हमला कर दिया है। अभी तक की प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस हमले में 58 पाकिस्तानी जवानों की मौत हो गई है। इसके अलावा अफगानिस्तान ने पाकिस्तान की 25 चौकियों पर कब्जा कर लिया है।

हेलमंद सूचना एवं संस्कृति निदेशक राशिद हेलमंदी ने अफगानिस्तानी मीडिया टोलो न्यूज को बताया कि अफगान सुरक्षा बलों ने कल रात हेलमंद के बहरामचा के शाकिज, बीबी जानी और सालेहान इलाकों में तीन घंटे तक अभियान चलाया। इस दौरान पाकिस्तानी सुरक्षा बलों से पांच कलाशिनकोव, एक राइफल, एक नाइट विजन स्कोप और एक शव बरामद किया। इन अभियानों के दौरान तीन पाकिस्तानी चौकियों पर कब्जा कर लिया गया है। वहीं अब तक 15 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं।



मिली जानकारी के मुताबिक, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच बॉर्डर पर तनाव चल रहा है। इसी के तहत पाकिस्तान ने 9 अक्टूबर को अफगानिस्तान के काबुल, खोस्त, जलालाबाद और पक्तिका में टीटीपी चीफ नूर वली मेहसूद को टारगेट किया था और उन पर एयर अटैक किया था। अब अफगानिस्तान की कार्रवाई में पाक सैनिकों की मौत को जवाबी कार्रवाई माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि ये अफगानिस्तान का पाकिस्तान को पैगाम है कि वो भी जवाबी अटैक करने की क्षमता रखता है।

मिली जानकारी के मुताबिक, अफगान सेना ने नंगरहर और कुनार प्रांतों में डुरंड लाइन के पास पाकिस्तानी सैन्य चौकियों पर हमला किया। गौरतलब है कि अफगानिस्तान में तालिबान सरकार है, जिउसे अपने फैसलों की वजह से कट्टर माना जाता है।

### तीन चौकियों पर कब्जा

सूत्रों से पता लगा है कि अफगानिस्तानी सेना ने पाकिस्तान की 3 चौकियों को कब्जे में ले लिया है। इस संघर्ष में पाकिस्तान को काफी नुकसान पहुंचने की खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अफगान सैनिकों ने पाकिस्तानी सैनिकों को भी जोरदार पटखनी दी है। यहां पर ये बात ध्यान रखना जरूरी है कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर उस वक्त अटैक किया था, जब तालिबान शासन के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी 8 दिवसीय भारत यात्रा पर आए हैं।

# बांग्लादेश की सेना ने अधिकारियों को हिरासत में लिया

शेख हसीना समेत 30 आरोपितों के खिलाफ किए गए थे वारंट जारी



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की सेना ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराधों में कथित संलिप्तता के मामलों में सेवारत और सेवानिवृत्त 15 सैन्य अधिकारियों को हिरासत में लिया है। हसीना को अगस्त, 2024 में छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों के बाद सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। बहरहाल, सेना की यह कार्रवाई बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) द्वारा 30 आरोपितों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के तीन दिन बाद हुई है। न्यायाधिकरण हसीना सरकार और उनकी अब प्रतिबंधित अवामी लीग पार्टी से जुड़े पूर्व वरिष्ठ नेताओं पर मुकदमा चला रहा है।

### हिरासत में लिए गए सैन्य अधिकारी

मेजर जनरल मोहम्मद हकीमुज्जमां ने कहा कि मानवता के विरुद्ध अपराधों के आरोपित 15 पूर्व और वर्तमान सैन्य अधिकारियों को हिरासत में ले लिया गया है। सेना वर्तमान कानूनी प्रक्रिया का "पूरा समर्थन" करेगी। इससे पहले, आठ अक्टूबर को अंतराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने अवामी लीग शासन के दौरान जबरन गुमशुदगी के जरिए मानवता के खिलाफ किए गए अपराधों से संबंधित दो अलग-अलग मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना समेत 30 आरोपितों के खिलाफ वारंट जारी किए थे।

### न्यायाधिकरण ने दिया आदेश

न्यायाधिकरण ने आदेश दिया कि आरोपितों को 22 अक्टूबर तक गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया जाए। न्यायमूर्ति मोहम्मद गुलाम मुर्तुजा मजूमदार की अध्यक्षता वाले न्यायाधिकरण की तीन सदस्यीय पीठ ने बुधवार को यह आदेश पारित किया। हसीना के अलावा, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान, पूर्व प्रधानमंत्री के रक्षा सलाहकार रहे सेवानिवृत्त मेजर जनरल तारिक अहमद सिद्दीकी और पूर्व पुलिस प्रमुख बेनजीर अहमद के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे। शेष अभियुक्तों में से 27 पूर्व या सेवारत सैन्य अधिकारी हैं।

## भारत दौरे पर आएंगी कनाडा की विदेश मंत्री

**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने के लिए कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद रविवार को नई दिल्ली आ रही हैं। उनकी इस यात्रा के दौरान भारत और कनाडा व्यापार, ऊर्जा और सुरक्षा के क्षेत्रों में रणनीतिक सहयोग के लिए एक रूपरेखा स्थापित करने पर विचार करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि आनंद विदेश मंत्री एस जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ व्यापक वार्ता करेंगी, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। आनंद की तीन देशों की यात्रा में भारत उनका पहला पड़ाव होगा, जिसमें वह सिंगापुर और चीन भी जाएंगी। वह मुंबई में कनाडा और भारत में निवेश, रोजगार सृजन और आर्थिक अवसरों का समर्थन करने के लिए काम कर रही कनाडाई और भारतीय कंपनियों के अधिकारियों से मिलेंगी। कनाडा की विदेश मंत्री की भारत यात्रा कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नथाली ड्रोइन के भारत दौरे और अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल के साथ व्यापक वार्ता के तीन हफ्ते बाद हो रही है।

मेक्सिको में भारी बारिश ने मचाई तबाही

# बाढ़ और भूस्खलन से 41 लोगों की मौत



**पोजा रिका।** मेक्सिको में बीते दिनों हुई मूसलाधार बारिश से हालात बदतर होते जा रहे हैं। भारी बारिश की वजह से बाढ़ जैसी स्थिति हो गई है। वहीं कई इलाकों में भूस्खलन के मामले भी सामने आए हैं। वहीं लगातार बारिश से आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण मेक्सिकों में 41 लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक मेक्सिको के वेराक्रूज राज्य में छह से नौ अक्टूबर तक लगभग 540 मिलीमीटर (21 इंच से अधिक) बारिश हुई। वहीं मेक्सिको सिटी से 170 मील (275 किलोमीटर) उत्तर-पूर्व में स्थित तेल नगरी पोजा रिका में बाढ़ से पहले कोई खास चेतावनी जारी नहीं की गई थी।

### कई इलाकों में बाढ़ का असर

मेक्सिको के राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा समन्वय ने बताया कि मेक्सिको सिटी के उत्तर में स्थित हिडाल्गो राज्य में शनिवार तक भारी बारिश से 16 लोगों की मौत हो गई और 150 समुदायों को बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या का सामना करना पड़ा। मेक्सिको सिटी के पूर्व में स्थित पुएब्ला राज्य में कम से कम नौ लोग मारे गए और 16,000 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए। इसके अलावा वेराक्रूज राज्य में 15 लोगों की मौत हुई है, जहां थल सेना एवं नौसेना भूस्खलन और बाढ़ के कारण अलग-थलग पड़े 42 समुदायों के निवासियों को बचाने में मदद कर रही हैं।

### बाढ़ से लाखों लोग प्रभावित

अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मी पूरे क्षेत्र में 27 लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। खाड़ी तट पर स्थित वेराक्रूज राज्य की 55 नगरपालिकाओं में 16,000 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इससे पहले, मध्य क्वेरेटारो राज्य में भूस्खलन के कारण एक बच्चे की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण बिजली गुल होने से देश भर में 3,20,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने इस भीषण बारिश के लिए मेक्सिको के पश्चिमी तट पर आए उष्णकटिबंधीय तूफानों प्रिसिला और रेमंड को जिम्मेदार ठहराया है।

# बंगाल में एमबीबीएस छात्रा रेप केस में 3 गिरफ्तार

सुवेंदु अधिकारी बोले- अब यहां भी योगी मॉडल की दरकार



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में दोस्त के साथ गुपचुप खाने गई मेडिकल की छात्रा दुष्कर्म का शिकार हो गई। छात्रा का आरोप है कि वह अपने दोस्त के साथ गुपचुप खाने के लिए बाहर गई थी। तभी रास्ते में दो-तीन युवक आए उसे रोककर जबरन दबोच लिया और दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन आरोपियों की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है। छात्रा दुर्गापुर में एक निजी मेडिकल कॉलेज के पास ओडिशा की द्वितीय वर्ष की एमबीबीएस छात्रा है। जो अपने दोस्त के साथ गुपचुप खाने गई थी। इस दौरान कथित तौर पर कुछ लोगों ने उसे जबरन दबोच लिया और सुनसान जगह पर ले जाकर एक युवक ने दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़ित छात्रा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। फिलहाल उसकी हालत में सुधार है। वहीं छात्रा का मित्र भी संदेह के घेरे में है। छात्रा के सामूहिक बलात्कार मामले में पुलिस पहले ही पांच लोगों की पहचान कर चुकी है। आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "उनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी दो अभी भी फरार हैं। उनकी तलाश जारी है।" पश्चिम बंगाल पुलिस ने एक्स पर एक बयान में आश्वासन दिया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से घटना के बारे में "असत्यापित जानकारी" साझा करने से बचने का भी आग्रह किया। पुलिस ने कहा, "दुर्गापुर में ओडिशा की एक मेडिकल छात्रा पर हुए यौन उत्पीड़न से हम बेहद दुखी हैं और सभी को आश्वस्त करना चाहते हैं कि दोषियों को सजा नहीं मिलेगी।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया
## अपना ब्रज

रविवार, 12 अक्टूबर, 2025 www.nnindianews.com



# डंपर और रोडवेज बस की भीषण टक्कर
## आधा दर्जन यात्री घायल, एक गम्भीर



**एटा।** एटा के जलेसर में रविवार सुबह डंपर और रोडवेज बस के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे में रोडवेज बस में सवार आधा दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

रोडवेज बस हमीरपुर डिपो की बताई जा रही है, जो टूंडला की तरफ से एटा आ रही थी। जरानी कलां के पास बस की डंपर से टक्कर हो गई। बस में सवार यात्रियों में चीखपुकार मच गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। घायलों को अस्पताल भेजा।



घायलों में रोडवेज बस में सवार पप्पू विश्वकर्मा (26 वर्ष, निवासी भारुआ कुबेरपुर, हमीरपुर) और विमला देवी (40 वर्ष, निवासी इसौली, एटा) शामिल हैं। पप्पू विश्वकर्मा को कमर में चोट लगने के कारण एटा रेफर किया गया है। गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक की पहचान समसुद्दीन (30 वर्ष, पुत्र लल्लू, निवासी चतरपुर गोविंदगढ़, अलवर, राजस्थान) के रूप में हुई है। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरथरा में भर्ती कराया गया।

# अफगान विदेश मंत्री का आगरा दौरा रद्द



**आगरा।** अफगान विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्ताकी का आगरा दौरा रद्द हो गया है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि उनके आने का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। इसके बाद फिर से किसी कार्यक्रम की अभी जानकारी नहीं आई है।

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्ताकी रविवार सुबह आगरा आने वाले थे। अफगान के विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्ताकी की आगरा यात्रा पर पुलिस और प्रशासन फूंक-फूंक कर कदम रख रहा था। सहारनपुर हिंसा के बाद पुलिस और प्रशासन ने अफगानी नेता के ताजमहल भ्रमण के दौरान कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे। भारी पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी।

शहर मुफ्ती मजीद रूमी की अगुवाई में मुस्लिमों का प्रतिनिधिमंडल अफगानिस्तान के विदेशी मंत्री से मिलना चाहता था, लेकिन प्रशासन ने किसी भी व्यक्ति को मिलने की इजाजत नहीं दी थी। जिला प्रशासन के अनुसार रविवार सुबह 9 बजे अफगान के विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्ताकी देवबंद से शिल्पग्राम पहुंचने वाले थे। सुबह 11 से 12 बजे तक ताजमहल भ्रमण करना था। आखिरी समय में रविवार को अफगान विदेश मंत्री का दौरा रद्द हो गया।

अफगान विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्ताकी का आगरा दौरा रद्द होने के पीछे कोई कारण नहीं बताया गया है। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री का दिल्ली लौटने से पहले आगरा में ताजमहल पर लगभग डेढ़ घंटे रुकने का कार्यक्रम था।

बता दें, अफगानिस्तान के विदेश मंत्री छह दिवसीय यात्रा पर गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचे थे। चार साल पहले तालिबान द्वारा सत्ता हथियाने के बाद भारत आने वाले वह पहले वरिष्ठ तालिबान मंत्री हैं। शनिवार को उन्होंने सहारनपुर स्थित दारुल उलूम देवबंद का दौरा किया था।




# युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या, आठ लोग हिरासत में



**अलीगढ़।** जवां थाना अंतर्गत युवक को पहले उसके घर से खींचकर बेरहमी से पीटा गया, फिर चाकुओं से गोद कर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले मुख्य आरोपी अशद सहित आठ आरोपियों को हिरासत में लिया है। मृतक के परिजन और इलाके के लोग थाने पर हंगामा कर रहे हैं। मौके पर कई थानों की फोर्स और अधिकारी पहुंच गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जवां निवासी 18 वर्षीय करन पुत्र मेघसिंह नोएडा में रहकर किसी ठेकेदार के यहां काम करता था। 11 अक्तूबर को वह रात्रि लगभग 10 बजे अपने घर आया। रात्रि में लगभग 11:30 बजे करन को कुछ युवक घर से खींचकर बाहर लाए। करन को युवकों ने जमकर पीटा और चाकुओं से गोदकर मार डाला। जिससे पूरा बाजार बंद हो गया। मौके पर कई थानों की फोर्स और अधिकारी पहुंच गए। पुलिस ने मुख्य आरोपी अशद सहित आठ आरोपियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। युवक की हत्या से क्रोधित परिजन और इलाके के लोगों ने जवां थाने को घेर लिया और जमकर हंगामा करने लगे। परिजनों ने अशद व उसके परिवार के नामजद लोगों समेत अज्ञात के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अलीगढ़ भेजा है।

थाना जवां अंतर्गत 11 व 12 की रात्रि सूचना प्राप्त हुई कि अहेरिया मोहल्ला में करन पुत्र मेघ सिंह पर चाकू से प्रहार कर दिया गया है, जिससे उसकी मृत्यु हो गई है। सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया। परिजनों की तहरीर के आधार पर आठ नामजदों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मुख्य आरोपी अशद सहित सभी आठ आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। घटना के सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। –सर्वम सिंह, सीओ नगर तृतीय

# नालंदा बिल्डर्स के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज



## 16 साल बाद भी नहीं दिया प्लॉट

### कई बार में जमा कराए रुपये, जांच में जुटी पुलिस

नालंदा बिल्डर्स से जुड़े दो लोगों ने प्लॉट बेचने के नाम पर दिल्ली की महिला से लाखों की ठगी कर ली। महिला को सौदे के 16 साल बाद भी प्लॉट नहीं दिया। उसे रकम भी वापस नहीं की। पीड़िता ने डीसीपी से शिकायत कर थाना हरीपर्वत में केस दर्ज कराया है। दिल्ली के द्वारिका क्षेत्र निवासी 67 वर्षीय रमा सारस्वत ने केस दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि 16 वर्ष पहले नालंदा बिल्डर्स से प्लॉट का सौदा किया था। उनसे कई बार में लाखों रुपये जमा कराए। अब तक न प्लॉट मिला और न ही रकम वापस की जा रही है। डीसीपी सिटी से शिकायत के बाद केस दर्ज किया गया है। उनके इकलौते बेटे की 18 मार्च 2024 को मौत हो चुकी है। पति भी अस्वस्थ रहते हैं। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

एनएनआई


**आगरा।** थाना हरीपर्वत में नालंदा बिल्डर्स एंड डवलपर्स के राधेश्याम शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है। उन पर एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। केस में एक शपथपत्र के भी फर्जी होने का आरोप लगाया गया है।

ओल्ड सिद्धार्थ अपार्टमेंट निवासी संतोष कुमार पांडेय ने केस दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका मेहंदीपुर बालाजी (दौसा, राजस्थान) में संकट मोचन नाम से आश्रम भी है। वर्ष 2012 में उनकी मुलाकात राधेश्याम शर्मा से हुई राधेश्याम शर्मा ने उनसे कहा था- उनकी कंपनी फ्लैट और प्लॉट बेचती है। उन्हें कई फ्लैट दिखाए। उन्हें पसंद आ गए। इसके एवज में एक करोड़ रुपये का भुगतान किया। मगर, उनके नाम एक भी फ्लैट का बैनामा नहीं किया। उन्हें गुमराह कर रकम हड़पी गई। उन्होंने बताया-तगादा करने पर राधेश्याम शर्मा ने बहाने बनाए।

काफी दबाव के बाद 28 मार्च 2023 को 100 रुपये के स्टांप पेपर पर एक समझौता हुआ। जिसमें राधेश्याम शर्मा ने 2 महीने के भीतर 40 लाख रुपये और एक सप्ताह में 5 लाख रुपया देना तय हुआ। आरोप है कि इसमें भी राधेश्याम शर्मा ने उनके साथ धोखा किया। उसी तारीख को राधेश्याम शर्मा ने अपने नाम से एक और स्टांप पेपर लिया।जिस पर उनके फर्जी साइन करके मामले का निस्तारण दिखाया गया।

इंस्पेक्टर हरीपर्वत नीरज कुमार शर्मा ने बताया-तहरीर के आधार पर मुकदमा लिखा गया। जांच में यह पूछा जाएगा कि एक करोड़ का भुगतान किस तरह किया गया था। आरोपित बिल्डर जिस शपथपत्र को समझौता पत्र बताता है उसे जांच को विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जाएगा। वादी मुकदमे के हस्ताक्षरों का मिलान कराया जाएगा।

# सेल्समैन ने पारिवारिक विवाद के चलते फांसी लगाकर दी जान



एनएनआई

**आगरा।** एत्माद्दौला थाना क्षेत्र के रामनगर सीतानगर में शनिवार को पारिवारिक विवाद के चलते एक सेल्समैन ने फंदे से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, मृतक मनोज गुप्ता (36) पिछले करीब 15 वर्षों से राजा मंडी स्थित नागाजी गारमेंट्स पर सेल्समैन के पद पर कार्यरत थे। करीब 17 साल पहले उनकी शादी फिरोजाबाद निवासी अन्नू से हुई थी। परिवार में पत्नी अन्नू के अलावा दो बेटे सागर (15), आकाश (12) और (8) वर्षीय बेटी पूजा है। पत्नी अन्नू के अनुसार, मनोज पिछले कुछ समय से शराब के आदी हो गए थे और अक्सर घर पर झगड़ा करते थे। शनिवार सुबह भी उन्होंने शराब पी और नौकरी पर नहीं गए। दोपहर में घर पर छोले-भटूरे बनवाए। शाम करीब चार बजे जब पत्नी बेटी को कोचिंग छोड़ने गई और वापस लौटी, तो देखा कि गेट खुला था और मनोज पंखे से लटके हुए थे। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष देवेंद्र दुबे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक कलह से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# दीवानी में साथी अधिवक्ता से सहमी महिला अधिवक्ता

एनएनआई

**आगरा।** शहर की दीवानी इन दिनों दो अधिवक्ताओं के बीच युद्ध का अखाड़ा बन गई है। आरोप है कि लोग दूसरे वकीलों का चैम्बर हथियाने के लिए खुलेआम गुंडागर्दी कर न्यायालय जैसी पवित्र जगह को दूषित करने व वादियों व वकीलों में दहशत फैलाकर संविधान व कानून तथा न्यायालय का अपमान कर रहे हैं। यह आरोप उत्पीड़न का शिकार




हुई महिला अधिवक्ता का है उनका कहना है कि जब न्यायालय जैसी सबसे सुरक्षित जगह पर उन पर जानलेवा हमले और बनाम करने की साजिश की जारही हो तो बाहर की सड़कें महिलाओं के लिए कितनी सुरक्षित होगी यह सरकार व प्रशासन के लिए एक यक्ष प्रश्न बन चुका है। अधिवक्ता तनीषा शर्मा ने एक प्रेसवार्ता में यह आरोप लगाते हुए बताया कि दीवानी के एक अधिवक्ता उनके चैम्बर कब्जा करने के लिए हर हथकंड़ा अपना रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही करने एवं जान माल की सुरक्षा की मां की गई है।

# महापौर व नगरायुक्त के न आने से पार्षद हुए नाराज

एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम में पार्षदों की बैठक बुलाई गई थी जिसमें विकसित उत्तर प्रदेश@2047 पर सुझाव आमंत्रित किए जाने थे मगर, बैठक में न तो मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह थीं और न ही नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल पहुंचे। यहां तक की अपर नगर आयुक्त भी बैठक में नहीं थे। केवल इनसे जूनियर अधिकारी बैठक में पहुंचे थे। इससे गुस्साए पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। पार्षदों का कहना था कि हमारे सुझाव और विचार सुनने के लिए ही जब सक्षम अधिकारी मौजूद नहीं थे, तो हम बैठक में क्या करते। बैठक के लिए नगर निगम के सचिवालय प्रभारी की ओर से लेटर जारी किया गया था। जिस पर नगर नगम के 20-22 पार्षद बैठक के लिए पहुंच गए थे। इनमें प्रमुख रूप से रवि माथुर, राकेश जैन, शरद चौहान, गौरव शर्मा, प्रवीना राजावत आदि मौजूद थे। पार्षद रवि माथुर ने बताया-बैठक में मेयर की चेयर नहीं लगी थी। जिससे पता चला कि मेयर को बैठक के बारे में शायद सूचना नहीं दी गई। बैठक में नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल भी नहीं पहुंचे। ऐसे में हम अपने सुझाव किसको देते, इसलिए बैठक से चले आए। विकसित उत्तर प्रदेश@2047स समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान के संबंध में प्रदेश के सभी नगर निगम के मेयर-पार्षद एवं नगर पालिका व नगर पंचायतों के अध्यक्ष व सदस्यों के साथ संवाद कार्यक्रम चल रहा है। इसी क्रम में आगरा नगर निगम के पार्षदों के साथ बैठक बुलाई गई थी।



## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।


# 1200 किलो अवैध पटाखों का जखीरा बरामद

- हार्डवेयर की दुकान से चल रहा था पटाखों का कारोबार

एनएनआई

**आगरा।** दीपावली से पूर्व आगरा पुलिस सख्त निगरानी कर रही है। पुलिस की सजगता से थाना न्यू आगरा क्षेत्र के नगला पदी स्थित चौरसिया हार्डवेयर स्टोर में छिपे खतरनाक कारोबार का पदार्फाश हुआ है। बताया जाता है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हार्डवेयर की दुकान में बड़ी मात्रा में आतिशबाजी का अवैध भंडारण किया गया है। सूचना मिलते ही एसीपी हरिपर्वत के निर्देशन में थानाध्यक्ष राजीव त्यागी ने टीम संग मौके पर छापा मारा। दुकान के भीतर छिपा 1200 किलो



से अधिक पटाखों का माल देखकर पुलिस भी दंग रह गई। मौके से विभिन्न ब्रांडों के रॉकेट, बम, अनार, चकरी और स्पार्कलर बरामद हुए। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह आतिशबाजी खुदरा बिक्री के लिए थी या किसी बड़े व्यापारी तक सप्लाई की जानी थी। थानाध्यक्ष राजीव त्यागी ने बताया कि बिना लाइसेंस आतिशबाजी का भंडारण या बिक्री करना विस्फोटक अधिनियम के तहत गंभीर अपराध है। उन्होंने कहा कि दीपावली से पहले पुलिस लगातार क्षेत्रवार जांच कर रही है और किसी भी स्तर पर अवैध पटाखा कारोबार बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अवैध भंडारण की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में मनाया जा सके।

NNi
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
रविवार, 12 अक्टूबर, 2025


# उत्तर प्रदेश बनेगा उद्योग क्रांति का केंद्र

## जनवरी 2026 में लॉन्च होगा प्रदेश का पहला इंडस्ट्री फैसिलिटी सेंटर पोर्टल

एनएनआई



**आगरा।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है। लघु उद्योग निगम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राकेश गर्ग (दर्जा राज्यमंत्री) की अध्यक्षता में होटल होलीडे इन में विभागीय अधिकारियों और प्रमुख उद्यमियों की बैठक आयोजित हुई।

अध्यक्ष राकेश गर्ग ने बताया कि निगम द्वारा तैयार किया जा रहा यह इंडस्ट्री फैसिलिटी सेंटर पोर्टल आगामी मकर संक्रांति, जनवरी 2026 को लॉन्च किया जाएगा। ऐसा प्रयास है, यह पोर्टल उत्तर प्रदेश में उद्योग स्थापना और विस्तार की दिशा में एक वन-स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा। उद्यमियों को अपने उद्योगों के विकास, वित्तीय योजना, तकनीकी परामर्श, सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा एक्सपर्ट गाइडेंस, सभी सुविधाएँ एक ही मंच पर मिलेंगी।

इस योजना का लक्ष्य उद्यमियों को एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना है जहाँ वे अपने विचारों को व्यवहार में बदलने के लिए आवश्यक सभी सहायता प्राप्त कर सकें, चाहे वह प्रोजेक्ट बनाना हो, वित्तीय विश्लेषण, अप्रैजल रिपोर्ट तैयार करना, सरकारी अनुदान प्राप्त करने की प्रक्रिया या तकनीकी सहायता। निगम एक ऐसी एकीकृत सुविधा आरंभ कर रहा है जिसमें व्यक्तिगत योजनानुसार परामर्शी सेवाएँ उपलब्ध होंगी, प्रोजेक्ट टेम्पलेट, बिजनेस मॉडल और सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलेगी।

बैठक में उपस्थित लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने कहा कि यह केंद्र प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। इसके माध्यम से न केवल स्थापित उद्योगों को बल मिलेगा, बल्कि छोटे और मध्यम वर्ग के उद्यमी भी आत्मनिर्भर बनेंगे। प्रदेश सचिव मनीष अग्रवाल रावी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं।

कुछ पारंपरिक उद्योग वर्तमान में कमजोर स्थिति में हैं, लेकिन फैसिलिटी सेंटर से उन्हें नई तकनीकी दिशा और वित्तीय मजबूती मिलेगी। जिला अध्यक्ष विजय गुप्ता ने कहा कि यह केंद्र उद्योग लगाने का पहला विचार आते ही सहयोग प्रदान करेगा, जिससे उद्यमिता की प्रक्रिया और सरल तथा प्रभावी बनेगी।

इस अवसर पर कोल्ड स्टोरेज ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भुवेश अग्रवाल, लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, प्रदेश सचिव मनीष अग्रवाल रावी, जिला अध्यक्ष विजय गुप्ता, सीए अनुज अशोक, सीए नितेश गुप्ता, यूपीएसआईसी के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर प्रभात बाजपेई, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर वाईपी सिंह, जूनियर इंजीनियर रणजीत सिंह, रणविजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भाविप विक्रमादित्य के दिवाली उत्सव में झूमे लोग




**आगरा (एनएनआई)।** भारत विकास परिषद विक्रमादित्य शाखा द्वारा दिवाली उत्सव होटल क्रिम्सन पैलेस फतेहाबाद रोड पर आयोजित किया गया। महिलाएं लाल परिधान एवं पुरुष काले परिधान में सेलिब्रिटी की तरह सभा में उपस्थित हुए। विक्रमादित्य शाखा के अध्यक्ष प्रशांत जैन, सचिव ऋषि खंडेलवाल एवं कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि नेशनल अध्यक्ष शू एंड लेदर डेवलपमेंट परिषद भारत सरकार के पूरन डाबर द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर की गई। शुचि खंडेलवाल, एकता जैन एवं क्षमी अग्रवाल द्वारा शाखा के सदस्यों को अंताक्षरी तंबोला एवं विभिन्न गेम द्वारा मनोरंजन कराया गया। कार्यक्रम का संचालक अखिलेश दुबे द्वारा किया गया। शाखा के सचिव ऋषि खंडेलवाल जी द्वारा शाखा में उपस्थित सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ हरिन चौहान, डॉ हरवीर सिंह, अमितेश दीक्षित, अतुल अग्रवाल, सीमा चौहान, नीलम अग्रवाल, झरना दीक्षित, रितु दुबे, ज्योति गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, साधना भटनागर, वर्षा आदि उपस्थित थे।

# दीपावली उत्सव में बिखरी कला व संस्कृति की छटा

- भाविप समर्पण ने रोशनी के रंग समर्पण के संग कार्यक्रम का किया आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** भारत विकास परिषद् की समर्पण शाखा की ओर से सिकंदरा स्थित मधु रेसॉर्ट में दिवाली उत्सव में कला व संस्कृति की छटा बिखरी। रंगारंग महिलाओं व पुरुषों ने जमकर डंडिया खेलकर समां बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रांतीय पदाधिकारी उमेश बंसल, केशव दत्त गुप्ता, बसंत गुप्ता, तरुण शर्मा और अखिलेश भटनागर ने द्वीप प्रज्वलन कर किया। अध्यक्ष विजित गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम रोशनी के रंग समर्पण के संग थीम पर आयोजित किया गया। खुशियां एवं उमंग को रंगोली के माध्यम से दर्शाया गया है। संस्था की महिलाओं द्वारा डांडिया, रंगोली, बंदनवार प्रतियोगिता की प्रस्तुतियों ने अतिथियों एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सभी को दिवाली उपहार देकर विदा किया गया। कार्यक्रम प्रभारी अनीता शर्मा, रिचा अग्रवाल, सोनी मित्तल, स्वर्णलता गोयल और श्वेता कंसल ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली। इस अवसर पर सचिव नवनीत गर्ग, वित्त सचिव संजीव मित्तल, प्रदीप सिंघल, सुधांशु शर्मा, जगदीश मित्तल, उमेश गोयल, निशि दौनेरिया, देवेंद्र मंडलास, जितेंद्र काशिवाल, सचिन गोयल, क्षमा सिंघल, रोहित गर्ग, पूजा बंसल, संजीव दौनेरिया आदि मौजूद रहे।

# 50 साल पुरानी डिसपेंसरी के पुनर्निर्माण की मांग


- ताजगंज बाजार संगठन ने सीएम योगी आदित्यनाथ को भेजा पत्र

एनएनआई



**आगरा।** ताजगंज क्षेत्र की 50 साल से अधिक पुरानी डिस्पेंसरी के पुनर्निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय व्यापारियों और निवासियों में गहरी नाराजगी है। ताजगंज 500 मीटर बाजार संगठन के संस्थापक चेतन अरोड़ा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर स्मार्ट सिटी परियोजना के अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग उठाई है। पत्र में उल्लेख किया है कि ताजगंज 500 मीटर क्षेत्र में स्थित यह डिस्पेंसरी वर्षों से स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए स्वास्थ्य सुविधा का प्रमुख केंद्र रही है। लेकिन स्मार्ट सिटी योजना के तहत इसका पुनर्निर्माण कार्य शुरू होने के बाद, केवल पिलर लगाकर कार्य बीच में ही रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से कई बार पत्राचार करने के बावजूद कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। पत्र में बताया गया कि यह डिस्पेंसरी लाखों की संख्या में आने वाले सैलानियों के लिए आपातकालीन चिकित्सा का एकमात्र सहारा थी। कई बार पर्यटकों की तबीयत बिगड़ने पर समय पर इलाज न मिलने के कारण गंभीर स्थितियाँ उत्पन्न हुईं। वहीं आसपास के गांवों और ताजगंज क्षेत्र के निवासियों को भी डिस्पेंसरी बंद होने से काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि ताजगंज एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां सैकड़ों दुकानें हैं और बाजार के रास्ते बंद होने से व्यापार पर भी असर पड़ा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि असद गली मार्ग से एक स्थायी रास्ता बनाकर ताजगंज बाजार को पुनः जोड़ा जाए ताकि व्यापारियों और आम जनता को राहत मिल सके।

# एथलेटिक मीट में दिखाया खिलाड़ियों ने अपना हुनर




एनएनआई

**आगरा।** अप्सा खेलकूद फिएस्टा 2025 के अंतर्गत एथलेटिक मीट का आयोजन प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में किया गया। संचालन प्रभारी क्रीडा शिक्षक नरेंद्र कुशवाहा ने अप्साध्यक्ष प्रबंधक डॉ. सुशील गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद श्रीवास्तव, अतिथिगण तथा क्रीडांगन में उपस्थित सभी लोगों का हार्दिक स्वागत किया। खेलकूद फिएस्टा के ट्रैक एंड फील्ड के अंतर्गत 26 विद्यालयों के छात्रों के लिए 4 श्रेणियो में दौड़ एवं रिले दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 265 बच्चों ने भाग लिया। एथलेटिक मीट में बालक एवं बालिका (वरिष्ठ तथा कनिष्ठ वर्ग) के लिए ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ 400 मीटर दौड़ तथा 100 वाई 4 रिले दौड़ में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वयं को सर्वश्रेष्ठ साबित करने का भरसक प्रयत्न किया। समस्त प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को 28 स्वर्ण, 28 रजत तथा 28 कांस्य पदक द्वारा पुरस्कृत किया गया। डॉ. सुशील गुप्ता ने सभी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेलों में प्रतिभाग करने से छात्रों के अंदर नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा की भावना तथा आपसी सद्भाव का विकास होता है। कार्यक्रम के कुशल संचालन में नरेंद्र कुशवाहा, अभि सिरोही, काजल वासुदेव, ऋषभ गौतम, सुबोध कांत लावण्या और उनकी सहयोगी टीम के सदस्य कपिल ठाकुर, ललित नरवार, साहिल गुर्जर, आलोक, साहिल, कृष्णा, विकास, गौरव, अतुल, आयुष, हरेंद्र, गौरव, अनिल, सौरभ, विकास तथा प्रवीन आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। दर्शक दीर्घा में उपस्थित सभी दर्शकगणों ने एथलेटिक मीट तथा पुरस्कार वितरण समारोह का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में अप्सा के त्रिलोक सिंह राणा, अन्मेष दयाल, डॉ. फिरोज खान, डॉ. सुशील गुप्ता, विष्णु रावत एवं अरविंद श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

# सद्भावना पार्क कमला नगर में लगा दीपावली आनंद मेला

एनएनआई



**आगरा।** भारतीय परिवार व्यवस्था ही भारतीय संस्कृति का आधार है। भारतीय परिवार व्यवस्था को सशक्त करने से ही लिव इन, समलैंगिक विवाह और एकल परिवार जैसी सामाजिक कुरीतियाँ खत्म हो सकेंगी..यह उद्गार आरएसएस के प्रांतीय संपर्क प्रमुख सीए प्रमोद चौहान ने संस्कार भारती आगरा जिला द्वारा सद्भावना पार्क कमला नगर में कुटुंब प्रबोधन पर आधारित दीपावली आनंद मेला में बतौर मुख्य वक्ता व्यक्त किए।

इससे पूर्व उत्तर प्रदेश लघु उद्योग लिमिटेड के अध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री राकेश गर्ग, समाजसेवी मुरारी प्रसाद अग्रवाल (एकता बिल्डर) और मुख्य अतिथि योगेश अग्रवाल (एपी ज्वेलर्स) ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि भगवान अग्रवाल 'हैप्पी भाई', रामनाथ गोयल ज्वेलर्स, सतीश गर्ग, रमाशंकर गुप्ता, अटल बिहारी गोयल ज्वेलर्स और राम प्रकाश अग्रवाल ज्वेलर्स के साथ संस्कार भारती के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य बाँकेलाल गौड़, अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष शशांक तिवारी और स्वागताध्यक्ष एड. अमित जैन भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

स्टॉल्स प्रभारी सीमा अग्रवाल के निर्देशन में मेले में आए लोगों ने चाट-पकौड़ी, स्वादिष्ट व्यंजनों और उपयोगी वस्तुओं के स्टॉल्स के साथ झूले-तमाशे का खूब आनंद लिया।

### कई प्रतियोगिताएं भी हुईं

अनीशा गुप्ता, राहुल शर्मा कप्तान, अंजू अग्रवाल, गुंजन जादौन, संगीता जैन, साधना राठौर, अलका परिहार और निशा मिश्रा के संयोजन में रंग भरो, कलश सज्जा, थाल सज्जा, ऐतिहासिक पात्रों पर आधारित विविध वेश, रामायण पर आधारित सामान्य ज्ञान और शंख बजाओ प्रतियोगिता में बच्चों और मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# कैडेट्स ने दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश

एनएनआई

**आगरा।** एनसीसी आर्मी विंग, आगरा कॉलेज के कैडेट्स ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आगरा कॉलेज परिसर में एक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें कैडेट्स ने पोस्टर्स और बैनर के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रो सीके गौतम ने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए महिलाओं को उचित अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। इस वर्ष की थीम है मैं लड़की हूं, मैं बदलाव लाती हूं: संकट की अग्रिम पंक्ति में लड़कियां।

कंपनी कमांडर कैप्टन अमित अग्रवाल ने कहा कि आज महिलाएं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरूषों को चुनौती दे रही हैं। राजनीति से लेकर लड़ाई के मैदान तक महिलाओं ने अपनी क्षमताओं का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।




इस दौरान एसयूओ तमन्ना परमार, सार्जेंट यामिनी चाहर, सार्जेंट मनोज जुरैल, सार्जेंट समायरा, संजना, प्रियंका वर्मा, राखी, दिव्यांशी, काजल, कशिश, सपना, अंशिका, हिमांशी, हर्षकांत व्यास, मोहित शर्मा, हृदय, हर्षित खैरवार आदि उपस्थित रहे।

# पुष्पा गुप्ता के नेत्रदान से दो अंधकारमय जिंदगियां होंगी रोशन

**आगरा (एनएनआई)।** त्रिवेणी क्रिस्टल, विजय नगर कॉलोनी निवासिनी पुष्पा गुप्ता (84) धर्मपत्नी स्व. रमेश चन्द गुप्ता का निधन हो गया था। परिवारीजनों ने हेल्प आगरा के सहयोग से उनकी कॉर्निया एसएन को दान की। उनके निधन पर उनके सुपुत्र मुकेश गुप्ता ने हेल्प आगरा से नेत्रदान के लिए सम्पर्क किया। सूचना पर एसएन की नेत्र आई बैक इंचार्ज डा.शेफाली मजूमदार के निर्देशन में डाक्टरों की टीम व ग्रीफ काउंसिलर दीपक शर्मा के सहयोग से नेत्रदान प्रक्रिया पूरी हुई। हेल्प आगरा के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, महामंत्री गौतम सेठ, नेत्रदान प्रभारी प्रतीक जैन व मीडिया प्रभारी नंदकिशोर गोयल व पीआरओ जगवीर सिंह ने औरों से भी नेत्रदान अभियान से जुड़ने की अपील की है।



# स्वच्छता पखवाडा के अंतर्गत मनाया स्वच्छ नीर दिवस

**आगरा (एनएनआई)।** रेलवे बोर्ड के दिशानिर्देशनुसार आगरा मंडल में स्वच्छता पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाडा के अंतर्गत स्वच्छ नीर दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के तहत स्वच्छ नीर दिवस पर आगरा कैंट ,मथुरा जंक्शन, आगरा फोर्ट, फतेहपुर सीकरी ,कोसीकला,धौलपुर, अछनेरा जंक्शन आदि स्टेशनों पर सभी स्टेशनों की पेयजल व्यवस्थाओं की साफ सफाई के साथ मानकों को चेक किया गया। इस अवसर पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, वाटर इंस्टॉलेशन, वाटर फिल्टर, पेयजल टोंटियों की साफ सफाई के साथ पेयजल की गुणवत्ता भी चेक की गयी । इस अवसर पर रेलवे अस्पताल, रेलवे कालोनी, रेलवे कार्यालय में भी पेयजल सुविधाओं को दुरुस्त कर साफ-सफाई की गयी। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों एवं निरीक्षकों ने संबंधित कर्मचारियों को स्वच्छता न होने से फैलने वाली बीमारियों एवं समस्याओं के विषय में जागरूक किया। स्वच्छ नीर अभियान के अंतर्गत स्टेशन निदेशक आगरा कैंट संतोष कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व मे पेयजल के सभी स्रोतों की जांच और सफाई की गई एवं जैविक और तकनीकी उपायों से जल स्रोतों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। स्टेशनों पर वॉटर वेंडिंग मशीनों की निगरानी और गुणवत्ता परीक्षण कार्य किया गया।



# आगरा में हुई अपना घर की शुरूआत, 50 असहायों को मिला घर

- कुछ दिनों बाद 200 लोगों की क्षमता वाला अपना घर बनेगा
- मदिया कटरा स्थित चांदी वाली कोठी में 800 गज भूमि मिली

एनएनआई



**आगरा।** राजस्थान के भरतपुर जिले से शुरू हुआ अपना घर आश्रम का सिलसिला लगातार बढ़ता ही जा रहा है। अब आगरा में भी असहाय लोगों को अपना घर मिल गया है। अपना घर मां अन्नपूर्णा सेवा समिति ने इसका शुभारंभ न्यू राजामंडी कॉलोनी में कर दिया है। अभी 50 प्रभु (असहाय) लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। लेकिन कुछ दिनों बाद मदिया कटरा स्थित चांदी वाली कोठी में 200 लोगों की क्षमता वाला अपना घर बनेगा। इसके लिए भूमि मिल चुकी है।

यहां एक ही परिसर में 50 से अधिक लोग बिना किसी खून के रिश्ते, जाति, धर्म या वर्ग के भेदभाव के साथ एक परिवार की तरह रहेंगे। यह आश्रम सिर्फ एक छत या इमारत नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और सेवा का जीवंत उदाहरण है, जिसकी नींव डॉ. बीएम भारद्वाज, मोहनलाल अग्रवाल सहित अन्य ने आगरा में शनिवार यानी 11 अक्तूबर 2025 को रखी।

डॉ. बीएम भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने एक असहाय वृद्ध को तड़पते हुए देखा था, जिसके पास इलाज तो दूर, कोई देखने वाला भी नहीं था। उस घटना ने मेरे भीतर करुणा और सेवा की ऐसी चिंगारी जलाई, जिसने अपना घर आश्रम को जन्म दिया। शुरू में 23 लावारिस, बीमार और मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों के साथ जो कार्य शुरू हुआ था, जो आज हजारों सदस्यों वाले परिवार में बदल चुका है। आगरा में भी हमने इसकी शुरूआत कर दी है। अब किसी भी असहाय, बीमार और मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा।

# सजा ताज प्रेस क्लब के चुनाव का रण

## नए नेतृत्व के लिए 18 अक्टूबर को होगा मतदान

- दावेदार अपने शुभचिंतकों के संग कर रहे बैठकें, परख रहे दम-खम

एनएनआई

**आगरा।** ताज प्रेस क्लब में चुनाव का बिगुल बज चुका है। इसके लिए नई कार्यकारिणी के निर्वाचन की तिथियां की घोषणा कर दी गई है। डीएम अरविंद मलप्पा बंगारी ने अपर नगर मजिस्ट्रेट (द्वितीय) विनोद कुमार को निर्वाचन अधिकारी नामित किया है। निर्वाचन अधिकारी ने प्रेस क्लब के पंजीकृत विधान के अनुरूप चुनाव कार्यक्रम जारी किया है। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि क्लब की प्रबंध समिति के 20 पदाधिकारियों/सदस्यों के पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया की तिथि घोषित हो गई है।

निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया ताज प्रेस क्लब आगरा के परिसर में संपन्न होगी। मतदान के दौरान केवल वैध सदस्य ही भाग ले सकेंगे, जिन्हें पहचान के लिए आधार कार्ड साथ लाना व उसकी प्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, पदाधिकारी पद के लिए नामांकन शुल्क 2,000 प्रति उम्मीदवार तथा सदस्य पद के लिए 1,000 प्रति उम्मीदवार निर्धारित किया गया है। इस चुनाव को लेकर शहर के पत्रकार समुदाय में उत्साह का माहौल है। नई कार्यकारिणी के गठन के साथ संस्था के भविष्य की दिशा तय होगी।

**चुनाव की तिथियां**

- नामांकन पत्र प्राप्त करने की तिथि: 13 अक्टूबर 2025, सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
- नामांकन जमा करने की तिथि: 14 अक्टूबर 2025, सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
- नामांकन पत्रों पर आपत्ति व नाम वापसी: 15 अक्टूबर 2025, सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक
- नामांकन पत्रों की जांच व वैध उम्मीदवारों की घोषणा: 15 अक्टूबर 2025, शाम 4 बजे तक
- मतदान की तिथि: 18 अक्टूबर 2025, सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक
- परिणाम घोषणा: 18 अक्टूबर 2025, शाम 5 बजे से कार्य समाप्ति तक

# डॉ. बीआर आंबेडकर विवि में विद्यार्थियों ने की 'न्यूट्रिशियस कैफेटेरिया' की शुरूआत



- हर शनिवार पौष्टिक और किफायती स्नैक्स बनाएंगे और बेचेंगे विद्यार्थी

एनएनआई

**आगरा।** कुलपति प्रो. आशु रानी के निर्देशन में विश्वविद्यालय गृह विज्ञान संस्थान के आहार एवं पोषण विभाग की प्रो. अर्चना सिंह द्वारा एक विशेष कैफेटेरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ दीप्ती सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंतर्गत एमएससी प्रथम सेमेस्टर (फ़ूड एंड न्यूट्रिशन) की छात्राएं हेमांशली और नेहा ने स्वादिष्ट एवं पौष्टिक वड़ा पाव तैयार कर उसका स्टॉल लगाया, जिसे उपस्थित प्रतिभागियों एवं शिक्षकों ने खूब सराहा। छात्राओं ने लगभग 50 वड़ा पाव छात्र और शिक्षकों को विक्रय किए, जो उनके उद्यमशील प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। विभाग की डॉ रश्मि शर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी पूजा सक्सेना, इंजीनियर तरुण श्रीवास्तव, डॉ. नेहा सक्सेना, डॉ. प्रीति यादव और डॉ. कविता की भी प्रेरक उपस्थिति रही। विभाग की ओर से बताया गया कि इस प्रकार का कैफेटेरिया कार्यक्रम अब प्रत्येक शनिवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसमें संस्थान के विद्यार्थी स्वयं पौष्टिक एवं किफायती मूल्य वाले स्नैक्स तैयार कर बेचेंगे। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में पोषण शिक्षा, व्यावहारिक कौशल तथा उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करना है।

# दीपों की रौनक के बीच हुआ रंग-बिरंगा डांडिया

## भारत विकास परिषद् 'अमृतम' के दीपावली महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन



एनएनआई

**आगरा।** दीपों और खुशियों के इस पर्व पर भारत विकास परिषद् 'अमृतम' ने दीपावली महोत्सव एवं डांडिया नाइट का भव्य आयोजन किया। सांस्कृतिक रंग और पारंपरिक नृत्य से सजी यह शाम सदस्यों के लिए यादगार अनुभव बनी। कार्यक्रम एसएनजे गोल्ड, फतेहाबाद रोड में आयोजित किया गया। संरक्षक उमेश बाबू अग्रवाल, आरएस गुप्ता, विजय अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, श्रीनाथ गुप्ता, लवकुश मिश्रा, कुलभूषण गुप्ता (राम भाई) ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महिला प्रभारी रेखा राज अग्रवाल के मार्गदर्शन में महिलाओं ने डांडिया उत्सव में सहभागिता की। कार्यक्रम की व्यवस्था सचिव राजीव गोयल, कोषाध्यक्ष मंयक जैन संभाली। अध्यक्ष कुलभूषण गुप्ता (राम भाई) ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि दीपावली केवल रोशनी का पर्व नहीं है, बल्कि यह सामाजिक मेल-जोल, सांस्कृतिक उत्साह और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। डांडिया नाइट ने युवा और बच्चों को भी भारतीय संस्कृति से जोड़ने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल दीपावली का उल्लास साझा करना था बल्कि समाज में सांस्कृतिक एकता और सामाजिक मेल-जोल को भी बढ़ावा देना था। इस भव्य आयोजन में उपस्थित सदस्यों ने दीपावली की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और रंग-बिरंगी डांडिया नाइट का आनंद लिया। बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पारंपरिक संगीत पर झूमते हुए त्योहार की खुशियाँ साझा कीं।

# उटंगन नदी हादसा: खुशियारपुर पहुंचे कैबिनेट मंत्री, पीड़ित परिवारों को दी सांत्वना

**आगरा (एनएनआई)।** उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने खैरागढ़ विधानसभा के खुशियारपुर गांव पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। केंद्रीय राज्य मंत्री बी एल वर्मा के साथ पहुंचे कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मृतकों के परिजनों को ढाढस बंधाते हुए संकट की इस घड़ी में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि खैरागढ़ के खुशियापुर गांव में बीते दिनों विसर्जन के दौरान उटंगन नदी में डूबने से 12 युवाओं की असामायिक मृत्यु हो गई थी। जिला प्रशासन सेना और स्थानीय लोगों के सहयोग से कई घंटे की मशक्कत के बाद शवों को ढूंढा गया था। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना देते हुए सरकार की ओर से हर संभव मदद दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर विधायक भगवान सिंह कुशवाहा, जिला अध्यक्ष प्रशांत पौनियां के साथ स्थानीय भाजपा नेता और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।



# नए संकल्प के साथ आईएमए ने मनाया स्थापना समारोह

एनएनआई

**आगरा।** डॉक्टरों की संस्था आईएमए ने नई कार्यकारिणी का भव्य स्थापना समारोह बड़े उत्साह और गरिमा के साथ अग्रसेन भवन में मनाया। इसकी थीम नए संकल्प, नई उड़ान रही। कार्यक्रम में एसएनएमसी के प्राचार्य प्रो. प्रशांत गुप्ता, सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव, प्रभा हॉस्पिटल के डॉ. बीके सिंह, फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. योगेश गोयल के साथ एम्स मदुरै के निदेशक और एसएनएमसी में यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. प्रशांत लवानिया विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

लगभग 1800 डॉक्टरों की आईएमए आगरा के कार्यक्रम का सफल संचालन एवं कोऑर्डिनेशन और कंपैरिंग डॉ. अमिता कुशवाह और डॉ. मेघना द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सहज, रोचक और प्रेरणादायक बनाया। इस अवसर पर मेहनती, समर्पित और



विशिष्ट चिकित्सकों को प्रेसिडेंट एप्रिसियेशन अवार्ड दिया गया। कोषाध्यक्ष डॉ. मुकेश भारद्वाज ने वर्ष 2024-2025 की वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए आईएमए आगरा की सशक्त एवं संतुलित आर्थिक व्यवस्था की जानकारी दी।

आईएमए अध्यक्ष डॉ. पंकज नागयाच ने अपने भाषण में इस कार्यकाल के लिए अपने दृष्टिकोण और योजनाओं को साझा किया।

उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि आईएमए आगरा इस कार्यकाल में समाज के स्वास्थ्य उत्थान और डॉक्टरों के पेशेवर विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देगा और संगठन के मानकों को नए आयाम तक ले जाएगा। नवनिर्वाचित प्रेसिडेंट इलैक्ट डॉ. हरेंद्र गुप्ता ने अपने भावी कार्यकाल के लिए आईएमए भवन के सुदृढ़ीकरण और डॉक्टर समुदाय को नई ऊर्जा और एकता के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में आईएमए शपथ भी ली गई, जिसमें सभी सदस्यों ने चिकित्सा सेवा, नैतिकता और समाजहित में कार्य करने की प्रतिज्ञा ली।


**वर्षभर की गतिविधियों का किया मूल्यांकन**

सचिव डॉ. राजनीश मिश्रा ने अपने विस्तृत और प्रेरक रिपोर्ट में वर्षभर की गतिविधियों, कार्यप्रणाली, और आईएमए आगरा की सामाजिक और चिकित्सकीय पहलों का समग्र मूल्यांकन किया। डॉ. मिश्रा ने संगठन के लक्ष्यों को स्पष्ट करते हुए आने वाले वर्ष में सदस्यता विस्तार, प्रशिक्षण और सतत शिक्षा, रोगियों के साथ बेहतर संवाद और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार के महत्व पर विशेष जोर दिया।

# लखनऊ रैली से बसपा को उम्मीदों की 'आक्सीजन'

■ मायावती की रैली ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

एनएनआई



**एत्मादपुर।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहिन मायावती के जंगी राजनीतिक प्रदर्शन से पार्टी को उम्मीदों की नई ऑक्सीजन मिल गई है। लखनऊ रैली के बाद बसपा कार्यकर्ता और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा है। रैली की सफलता को वह पार्टी और स्वयं के भविष्य के लिए नई उम्मीदों की संभावनाओं से परिपूर्ण मान रहे हैं। नगर पालिका परिषद एत्मादपुर के पूर्व अध्यक्ष बिसंभर सिंह ठेकेदार कहते हैं कि बहिन जी ही अब उत्तर प्रदेश की अगली मुख्यमंत्री बनेंगी। सूबे की चार बार कमान संभालने वाली बसपा को कमतर आंकने वाले विरोधियों की मान्यवर कांशीराम स्मारक स्थल पर आयोजित रैली में पहुंची भीड़ देखकर आंखें पूरी तरह चुंधिया गई हैं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केशव दत्त निमेष कहते हैं, कि बसपा के खत्म होने की बात करने वालों के मुंह अब बंद हो गए हैं। लखनऊ में उमड़ी भीड़ बहिन जी को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लेकर आई और इसे पूरा करने की ठानकर लौटी है। पूर्व जिलाध्यक्ष संवाई ग्राम प्रधान सुमित सेन कहते हैं कि 2027 के विधानसभा चुनाव में बसपा की एक बार फिर पूर्ण बहुमत की सरकार उत्तर प्रदेश में बनेगी। उन्होंने बताया कि एत्मादपुर विधानसभा क्षेत्र से रैली में 32 निजी बसों में भरकर कार्यकर्ता रैली में पहुंचे।

बसों का प्रबंध कार्यकर्ताओं ने आपस में चंदा जुटाकर किया। एत्मादपुर नगर क्षेत्र की लौटी बस में शामिल शंकर लाल, भगवान सिंह बाबूजी, सत्यप्रकाश निमेष, चंद्रपाल, यासीन खां, विमल मौर्य, बबलू, अर्जित सिंह, चंद्र पाल, हुतेंद्र सिंह, कन्हैया, गौतम, मनोज कुमार, ध्रुव प्रसाद, रोहित, प्रदीप कुमार, कमल बाबू, सुमित कुमार, नितिन कुमार, प्राशांत, अर्पित, राज, वंदना सिंह, मिनी सिंह, रजत, दीवान सिंह, प्रताप सिंह आदि के संग 26 वर्षीय युवा मोनू ठेकेदार ने बताया कि वह बहिन जी को देखने और सुनने की हसरत लेकर लखनऊ गए थे, "जो है काए सो पूरी है गई"। सभासद राजकपूर मौर्या, महावीर सिंह आदित्य और नत्थी सिंह 'फौजी' ने खान-पान की व्यवस्था का प्रबंध किया। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश और लखनऊ का ऐतिहासिक विकास बहिन जी ने अपने कार्यकालों में किया है वह किसी अन्य दल की सरकार ने नहीं किया।

## काम नहीं कर रहा एफपीएस पोर्टल, औने पौने दामों में बाजरा बेच रहे किसान

**भाकियू ने नायब तहसीलदार को सौंपा डीएम को संबोधित ज्ञापन**

एनएनआई



**बाह।** एफपीएस (खाद्य एवं रसद विभाग का पोर्टल) पोर्टल काम नहीं कर रहा। खरीद केन्द्रों से किसान बेरंग वापस लौट रहे हैं, अपनी बाजरा की फसल बाजार में औने पौने दामों पर बेचने को मजबूर हैं। खाली जेब होने की बजह से दिवाली की खरीद नहीं हो पा रही है, आलू, सरसों, गेंहू की बुवाई पिछड़ने की आशंका ने उनकी नींद उड़ा दी है। भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) के जिलाध्यक्ष हर्ष शर्मा ने डीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार दयाचंद पौरुष को सौंपते हुए किसानों का दर्द साझा किया है। बाजरा (श्री अन्न) का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2775 रुपये प्रति क्विंटल है। जबकि बाह, जैतपुर, जरार, भदरौली, बटेश्वर की मंडी में 1900-2000 रुपये क्विंटल के भाव से किसान बेचने को मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि रजिस्ट्रेशन के बाद सत्यापन की समस्या खड़ी हो गई है। पोर्टल ने मुसीबत बढ़ा दी है। दीपावली का त्यौहार होने की बजह से किसान अपनी जरूरतें पूरी करने को फसल मंडी में लेकर पहुंच रहा है। आलू, गेहूं, सरसों की बुवाई हेतु बीज, खाद की खाली जेब खरीद भी नहीं हो पा रही है। एफपीएस पोर्टल के साथ ही सत्यापन की प्रक्रिया भी जटिल है। सत्यापन की प्रक्रिया में बदलाव से किसान परेशान हैं। उन्होंने किसान हित में पोर्टल की व्यवस्था में सुधार की मांग की है। इस दौरान मंडल महामंत्री श्रीकांत द्विवेदी, लक्ष्मीकांत, हरेन्द्र परिहार, विपिन शर्मा, दयाशंकर बरुआ, नंदकिशोर, सोनू यादव, ध्रुव परिहार, विकास परिहार, ब्रजेश दुबे आदि मौजूद रहे।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर अवसाद और अकेलेपन से निपटने के उपायों पर हुई चर्चा

एनएनआई



**आगरा।** इम्मानुएल हॉस्पिटल एसोसिएशन यू.पी अर्बन प्रोजेक्ट आगरा द्वारा ईदगाह क्षेत्र के पार्षद किशोर कुमार के सहयोग से नगला फकीर चन्द ईदगाह, आगरा में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में दिव्यांग एवं वृद्धजनों के साथ एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना अधिकारी राजकुमार द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और दिव्यांग एवं वृद्धजनों के भावनात्मक व मानसिक कल्याण पर विशेष ध्यान देना बताया गया। सेंट जॉन्स कॉलेज से विशेषज्ञ मनोचिकित्सक प्रोफेसर प्रियंका मेसी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई।

विशेषज्ञ- मनोचिकित्सक प्रियंका मेसी जी द्वारा दिव्यांगता एवं वृद्धावस्था में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, अवसाद और अकेलेपन से निपटने के उपायों पर चर्चा की। साथ ही योग, ध्यान और हास्य चिकित्सा (लाफ्टर थेरेपी) जैसे सत्रों का भी आयोजन किया गया। प्रशिक्षण मैनेजर अदित सिंह द्वारा उपस्थित सभी लोगों का उत्साह वर्धन करते हुए बताया कि अगर आप लोगों को स्वस्थ्य एवं लम्बी आयु तक जीवित रहना है तो हर हाल में खुश रहना होगा। कार्यक्रम के दौरान एलिम्को संस्था द्वारा शिविर के माध्यम से पात्र दिव्यांग एव वृद्धजनों के लिए सहायक उपकरण जैसे- कमर की बेल्ट, गर्दन का पट्टा, छड़ी, कान की मशीन, वैशाखी, ट्राइसाइकिल, इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, वॉकर, आदि हेतु पंजीकरण कराया गया जिसके दौरान 5 दिव्यांग एवं 85 वृद्धजनों का पंजीकरण हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में ई. एच. ए संस्था से दीपिका,शालू, कैरीना, फिलोमीना एवं एलिम्को से आकांशा एवं शुभांशु ने योगदान दिया।

## मोबाइल छीनने की झूठी सूचना पर दो युवक गिरफ्तार, कंपनी ने वापस लिए थे मोबाइल

एनएनआई



**बाह।** मोबाइल छिनैती की झूठी सूचना देने पर बाह पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। चित्राहाट के नगला सुरई गांव के सुनील और अंशुल ने 10 अक्टूबर को 112 नंबर डायल कर पुलिस को मोबाइल छीने जाने की सूचना दी। सूचना पर हरकत में आई बाह पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन की। पुलिस की छानबीन में पता चला कि अंशुल मोबाइल कंपनी में काम करता था। काम के लिए कंपनी से मोबाइल मिले थे। 2 महीने पहले अंशुल ने नौकरी छोड़ दी। पुलिस के मुताबिक कंपनी ने अपना कर्मचारी भेज कर शिवम से मोबाइल वापस लिया था।पुलिस जांच में मोबाइल छीने जाने की घटना झूठी मिली। जिस पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक बाह सत्यदेव शर्मा ने बताया कि मोबाइल छिनैती की झूठी सूचना पर पुलिस की अच्छी खासी कवायद हुई है। दोनों युवकों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया है।

## एसडीएम ने किया क्राप कटिंग सर्वे का निरीक्षण

एनएनआई



**बाह।** खेत की भूमि का खसरा व नक्शे की जांच के बाद फसल का सर्वे किया। शनिवार को क्राप कटिंग सर्वे के निरीक्षण को बाह के एसडीएम कैंजरा पहुंचे। उन्होंने फसल की गुणवत्ता और पैदावार का अवलोकन किया। एसडीएम ने बताया कि क्रॉप कटिंग सर्वे का मुख्य उद्देश्य औसत पैदावार का सही अनुमान लगाना, फसल की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना और किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने किसानों से पूछताछ की। राजस्व टीम को भी क्राप कटिंग सर्वे के आंकड़े अपलोड करने के निर्देश दिए। इस दौरान राजस्व निरीक्षक राम हरि, क्षेत्रीय लेखपाल कु. प्रियंका धाकरे, प्रियांशु आर्य, आशीष परमार, रविदत्त आदि रहे।

## संपादकीय

# बिहार:मोदी बनाम राहुल का भी चुनाव




बिहार में चुनावी रणभेरी बज चुकी है। मतदान की तिथियों की घोषणा के साथ ही लोकतंत्र का यह महायज्ञ आरंभ हो चुका है, जिसमें करोड़ों मतदाता दो चरणों में दिनांक 6 और 11 नवंबर को अपने मत के माध्यम से राज्य की दिशा और दशा दोनों तय करेंगे। 14 नवंबर को मतगणना के साथ बिहार में नई सरकार की तस्वीर सामने होगी, लेकिन राज्य में सियासत जिस तरह आकार ले रही है, मतदान तक कई उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। बिहार विधानसभा का चुनाव एनडीए बनाम इंडिया यानी महागठबंधन का है, जिसमें जन सुराज पार्टी एक तीसरा कोण बना रही है। भले ही यह चुनाव नीतीश कुमार बनाम तेजस्वी यादव के बीच का है, जिसमें प्रशांत किशोर की दावेदारी इसे और दिलचस्प बना रही है। लोकसभा चुनाव के बाद यह पहला चुनाव है और पूरे देश में संभवतः विधानसभा का एकमात्र चुनाव है, जिसमें प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष दोनों आमने सामने है। सो बिहार विधानसभा का चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बीच भी है। बिहार के बारे में जो बात कही जा रही है वह महाराष्ट्र या हरियाणा या दिल्ली के लिए नहीं कही जा रही थी। वहां मोदी बनाम राहुल का चुनाव नहीं हो रहा था। बिहार में हो रहा है क्योंकि बिहार में दोनों ने अपने को दांव पर लगाया। दोनों ने अपने को दांव पर इसलिए लगाया क्योंकि उनको पता है कि बिहार चुनाव का मैसेज पूरे देश में जाता है और से राजनीतिक ट्रेंड की शुरूआत भी होती है।तभी भाजपा और एनडीए की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कमान संभाली। इस साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात बार बिहार का दौरा कर चुके हैं। इसके अलावा कई बार वर्चुअल तरीके से बिहार के अलग अलग समूहों से संवाद कर चुके हैं और योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास आदि कर चुके हैं। बिहार के हर प्रमंडल में उनकी सभा कराई गई। एनडीए के लिए सबसे कमजोर माने जाने वाले शाहाबाद इलाके से उनकी रैलियों का सिलसिला शुरू हुआ, जो सीमांचल तक चला। उन्होंने पहलगाम कांड के बाद मधुबनी के झंझारपुर में रैली की तो उसके मोतिहारी, सीवान से लेकर पूर्णिया तक में रैली की, जहां उन्होंने हवाईअड्डे का उद्घाटन किया। मोदी ने हजारों करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसके बाद भाजपा ने कहा कि महिला, मोदी और मंदिर के नाम पर चुनाव लड़ा जाएगा। बीजेपी इस बार चाहती है कि वह राज्य में बड़े भाई की भूमिका में रहे। बड़े भाई की भूमिका में आने के बाद ही वह राज्य की सर्वोच्च पार्टी बन सकती है। इस बार बीजेपी चाहेगी कि राज्यमें उसकी अगुआई में सरकार बने।आमतौर पर राहुल गांधी राज्यों के चुनाव में उस तरह से दौरे नहीं करते हैं, जैसे प्रधानमंत्री मोदी करते हैं। लेकिन बिहार इसका अपवाद है।वहीं राहुल इस साल आठ बार बिहार का दौरा कर चुके हैं और दिल्ली में कई बार बिहार के नेताओं के साथ मीटिंग कर चुके हैं। ऐसा लग रहा है कि राहुल गांधी इस बार खुद बिहार का चुनाव संचालित कर रहे हैं। उन्होंने अपने करीबी कृष्णा अल्लावारू को प्रभारी बनाया है और अजय माकन को टिकटों की छंटनी के काम में लगाया। उसके बाद चाहे दलित का मामला हो या अति पिछड़ा का खुद आगे बढ़ कर उसमें शामिल हुए। चुनाव से पहले उन्होंने दलित प्रदेश अध्यक्ष बनाया और पिछले दिनों अति पिछड़ा समाज के लिए अलग से घोषणापत्र जारी किया। राहुल गांधी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के खिलाफ दो हफ्ते की यात्रा की। तेजस्वी यादव और महागठबंधन के दूसरे नेता भी उनके साथ थे लेकिन बुनियादी रूप से यह यात्रा राहुल की थी। यात्रा के बाद उन्होंने पटना में एक सभा की और वोटर अधिकार मार्च निकाला।राहुल की पहल पर बिहार में कांग्रेस कार्य समिति यानी सीडब्लुसी की बैठक हुई। कोई 85 साल के बाद कांग्रेस कार्य समिति की बैठक बिहार में हुई। महागठबंधन की ओर से राहुल गांधी कमान संभाले दिख रहे हैं।चुनाव नतीजों के बाद किसी की उम्मीद कामयाब दिखेगी तो किसी की टूटती दिखेगी। सो, इन तथ्यों की रोशनी में बिहार विधानसभा चुनाव को मिनी लोकसभा चुनाव की तरह देखना चाहिए।



# विटामिन ए की कमी से हो सकती है आंखों की रोशनी कमजोर

## जानिए इसके लक्षण, कारण और बचाव के तरीके

**क्या आपकी आंखों में अक्सर जलन रहती है? क्या आपको रात के समय स्पष्ट रूप से देखने में परेशानी होती है? यदि हाँ, तो यह केवल थकान या मौसम का असर नहीं हो सकता – यह शरीर में विटामिन ए की कमी का संकेत भी हो सकता है। यदि समय रहते इसकी पहचान और इलाज न किया गया, तो यह स्थिति गंभीर रूप ले सकती है, यहाँ तक कि आपकी आंखों की रोशनी भी जा सकती है।**

### विटामिन ए: आंखों के लिए क्यों है जरूरी?

विटामिन ए एक वसा में घुलनशील पोषक तत्व है जो शरीर में कई महत्वपूर्ण कार्यों के लिए आवश्यक है, विशेष रूप से आंखों की रोशनी बनाए रखने में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यह रेटिना (नेत्र–जालिका) में स्थित रॉड कोशिकाओं को सक्रिय करता है, जो कम रोशनी में देखने की क्षमता प्रदान करती हैं। विटामिन ए की कमी से रेटिना प्रभावित होती है, जिससे रात के समय देखने में कठिनाई होती है। इसे ही ह्यनक्तांधताह्न (नाइट ब्लाइंडनेस) कहा जाता है। यदि यह कमी समय पर दूर न की जाए, तो यह कॉर्निया (नेत्रपटल) में सूखापन और आगे चलकर अंधता जैसे गंभीर लक्षणों में बदल सकती है।

### पहचानिए शुरूआती लक्षण

आंखों से जुड़े लक्षण:

- आंखों में लगातार सूखापन
- रोशनी की कमी में देखने में परेशानी (नक्तांधता)
- आंखों में जलन या खुजली
- बार–बार पानी आना या सूखेपन के कारण जलन

त्वचा और बालों से जुड़े लक्षण:

- त्वचा का बेजान, रूखा और पपड़ीदार होना
- त्वचा पर छोटे सफेद या लाल दाने
- बालों का असामान्य रूप से झड़ना या पतलापन

आंत्र (आंतों) की समस्याएं:

जैसे क्रोहन रोग या सीलिएक रोग, जिनमें पोषक तत्वों का अवशोषण बाधित होता है

**नाखूनों से जुड़े लक्षण:**

- नाखूनों का कमजोर हो जाना
- नाखूनों में दरारें पड़ना या जल्दी टूट जाना
- यदि इन लक्षणों को बार–बार नजरअंदाज किया जाए, तो यह शरीर में दीर्घकालिक विटामिन ए की कमी का संकेत हो सकता है।

**विटामिन ए की कमी के प्रमुख कारण:**

पोषण की कमी:

- लंबे समय तक विटामिन ए युक्त आहार का सेवन न करना

### यकृत रोग:

- चूँकि विटामिन ए का भंडारण यकृत (लीवर) में होता है, इसलिए लीवर से संबंधित समस्याएं इसकी कमी का कारण बन सकती हैं

**बच्चों और गर्भवती महिलाओं में अधिक खतरा:**

- बच्चों की वृद्धि और गर्भवती महिलाओं की पोषण आवश्यकता अधिक होती है, जिससे विटामिन ए की कमी की आशंका बढ़ जाती है

**विटामिन ए की कमी को दूर करने के लिए क्या खाएं?**

- विटामिन ए की कमी को रोकना और सुधारना बहुत सरल है — केवल अपने आहार में कुछ विशेष चीजें शामिल करनी होती हैं।

**बचाव ही सबसे अच्छा उपाय है**

यदि आपको लगता है कि आपके शरीर में इस पोषक तत्व की कमी हो रही है, तो बिना देरी किए डॉक्टर से संपर्क करें। कई बार चिकित्सक विटामिन ए की खुराक (सप्लीमेंट) भी लिख सकते हैं, परंतु यह केवल चिकित्सकीय सलाह पर ही लेना चाहिए।

सुझाव: सब्ज़ियों को हल्के तेल या घी में पकाकर खाने से शरीर विटामिन ए को अधिक प्रभावी रूप से अवशोषित कर सकता है।

**विशेषज्ञ की सलाह:**

विटामिन ए एक ऐसा पोषक तत्व है, जिसकी कमी का असर सबसे पहले आंखों पर दिखाई देता है। छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष ध्यान देना चाहिए।

**– डॉ. कविता शर्मा, पोषण विशेषज्ञ**

**अस्वीकरण (डिस्क्लेमर):**

यह लेख केवल सामान्य जानकारी और जनजागरूकता के उद्देश्य से तैयार किया गया है। किसी भी प्रकार की दवा, सप्लीमेंट या आहार परिवर्तन से पहले अपने चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें।

# कांतारा चैप्टर 1 का धमाका

## 400 करोड़ क्लब के बेहद करीब



ऋषभ शेट्टी की फिल्म कांतारा चैप्टर 1 ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। रिलीज के 10वें दिन फिल्म ने 37 करोड़ की अनुमानित कमाई की है, जिससे इसका कुल कलेक्शन 396.65 करोड़ हो गया है। अब यह फिल्म 400 करोड़ क्लब से महज 3.35 करोड़ दूर है।

फिल्म ने सैय्यारा (329.2 करोड़), वॉर 2 (236.55 करोड़), और कुली (285 करोड़) जैसी बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। यह 2025 की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है, पहले नंबर पर है चावा। कलेक्शन ब्रेकडाउन (10 दिन):

**पहले दिन: 61.85 करोड़**
**दूसरे दिन: 45 करोड़**
**तीसरे दिन: 55 करोड़**
**चौथे दिन: 63 करोड़**
**पाँचवाँ से दसवाँ दिन: 171.8 करोड़**
**कुल (10 दिन): 396.65 करोड़**

### जॉली एलएलबी 3 का 24वां दिन

## धीमी रफ्तार, 112 करोड़ के करीब




जॉली एलएलबी 3, अक्षय कुमार और अरशद वारसी की कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म, 24वें दिन बॉक्स ऑफिस पर रेंगते-रेंगते मात्र 0.01 करोड़ कमा पाई। फिल्म का कुल नेट कलेक्शन अब 111.81 करोड़ हो गया है। इसने सिकंदर (110.36 करोड़) और हाउसफुल 3 (110.2 करोड़) को पीछे छोड़ दिया है। अब इसका अगला टारगेट है रणबीर कपूर की बर्फी (112.1 करोड़)। हालांकि कमाई की रफ्तार धीमी होने से अब आगे बड़ी छलांग की उम्मीद कम है।

## करवा चौथ पर निक जोनस का सरप्राइज, प्रियंका चोपड़ा ने जताया प्यार



ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनस ने इस करवा चौथ पर अपने पति निक जोनस के खास सरप्राइज के साथ त्योहार मनाया। निक अपने म्यूज़िक टूर से समय निकालकर अचानक न्यूयॉर्क स्थित घर पहुँचे, जिससे प्रियंका बेहद भावुक हो गईं। इंस्टाग्राम पोस्ट में प्रियंका ने लिखाः मेरे सच्चे चाँद होने के लिए शुक्रिया... हमेशा प्यार करती हूँ, तस्वीरों में प्रियंका पारंपरिक अंदाज में नजर आईं, वहीं एक फोटो में निक और बेटी मालती मैरी साथ में कलरिंग करते हुए दिखे। एक कॉफी कप पर प्रियंका के दिवंगत पिता की तस्वीर भी थी, जो इस पारिवारिक क्षण को और निजी बना गई। पोस्ट को फैन्स ने परफेक्ट फैमिली मोमेंट बताया।




बॉबी देओल का खुलासा

## बेटे आर्यमन का डेब्यू, लेकिन जल्दबाजी नहीं

बॉबी देओल ने अपने बेटे आर्यमन देओल के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने साफ कहा कि वह आर्यमन को बिना तैयारी के इंडस्ट्री में लॉन्च नहीं करना चाहते। मैं उसे समंदर के बीच नहीं फेंक सकता, क्योंकि तैरना अभी उसने सीखा नहीं है। बॉबी ने नेपोटिज्म पर भी स्पष्ट राय दी – कि स्टारकिड होना सफलता की गारंटी नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके पिता धर्मेंद्र भी कभी आउटसाइडर थे। उन्होंने माना कि मेहनत और टैलेंट ही असली पहचान बनाते हैं। हर पिता अपने बेटे के लिए बेहतर भविष्य चाहता है, लेकिन केवल नाम से काम नहीं चलता। आर्यमन को कई फिल्म ऑफर्स मिल रहे हैं, लेकिन परिवार पहले उसे एक्टिंग की ट्रेनिंग और अनुभव दिलाना चाहता है।

# जीनत अमान

## को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



70वें फिल्मफेयर अवाड्र्स 2025 का आयोजन हुआ। शाहरुख खान, करण जौहर, कृति सेनन , सान्या मल्होत्रा जैसी बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियाँ गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित इस मेगा अवार्ड नाइट में शामिल हुईं। फिल्मफेयर हर साल टैलेंट और बेहतरीन काम करने वाले लोगों को सम्मानित करने के लिए जाना जाता है। अवॉर्ड नाइट में स्टार्स को उनके बेस्ट काम के लिए अवॉर्ड से नवाजा जा रहा है। सबसे पहले टेक्निकल अवाड्र्स से शुरूआत हुई, उसके बाद बेस्ट डेब्यू करने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया। उसी के साथ आज रात के सबसे बड़े अवॉर्ड 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' की भी घोषणा हो गई है।

फिल्मफेयर अवाड्र्स 2025 में अभिनेत्री जीनत अमान को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया है। दिग्गज अभिनेत्री को फिल्म इंडस्ट्री में उनकी कमाल की अदाकारी और समर्पण के लिए उन्हें यह पुरस्कार दिया गया है। इस मौके पर जीनत अमान स्टेज पर मौजूद रही। ब्लैक ड्रेस में एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत लग रही थी। अवॉर्ड लेने के बाद उन्होंने फिल्मफेयर का धन्यवाद किया, एक्ट्रेस ने बताया कि जवानी में उन्हें अपना पहला अवॉर्ड मिला था, और अब 50 साल के बाद उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया है। एक्ट्रेस ने इसे लाइफ का सर्कल बताया।

### साइन आइकॉन अवॉर्ड

दिवंगत अभिनेता दिलीप कुमार को साइन आइकॉन अवॉर्ड से नवाजा गया। उनके अवॉर्ड को देने के लिए अभिनेत्री जया बच्चन स्टेज पर आई, दिलीप कुमार के अवॉर्ड को अभिनेता शाहरुख खान ने लिया। अभिनेत्री मीना कुमारी को भी साइन आइकॉन अवॉर्ड समर्पित किया गया। बिमल रॉय को साइन आइकॉन अवॉर्ड से नवाजा गया। दिवंगत अभिनेत्री नूतन को भी यह अवॉर्ड दिया गया। अभिनेत्री जया बच्चन, रमेश सिप्पी को भी साइन आइकॉन अवॉर्ड मिला। अभिनेत्री कजोल देवगन, शाहरुख खान, कारण जौहर, दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी, अमिताभ बच्चन को साइन आइकॉन अवॉर्ड मिला है।

# फॉलोऑन के बाद पारी से हार टालने को संघर्ष में जुटी वेस्टइंडीज, कैंपबेल ने लगाया अर्धशतक




नई दिल्ली। आज मैच का तीसरा दिन है और भारतीय टीम वेस्टइंडीज की दूसरी पारी (फॉलोऑन) को जल्द से जल्द समेटना चाहेगी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन बनाकर घोषित कर दी थी। जवाब में वेस्टइंडीज की पहली पारी 248 रन पर समाप्त हुई। कैंपबेल ने अर्धशतक लगाया। वह इस सीरीज में वेस्टइंडीज की ओर से अर्धशतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने। वेस्टइंडीज का स्कोर दो विकेट पर 100 के पार है। फिलहाल कैंपबेल के साथ शाई होप क्रीज पर हैं। चायकाल के बाद तीसरे सत्र की शुरूआत हो चुकी है। वेस्टइंडीज की टीम को 35 के स्कोर पर दूसरा झटका लगा। विंडीज की टीम फॉलोऑन खेल रही है। टीम पहली पारी में 248 रन पर सिमट गई थी। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 518/5 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी थी। इस लिहाज से भारत को अभी भी 235 रन की बढ़त हासिल है। टीम इंडिया पारी के अंतर से मैच जीतना चाहेगी। तेजनारायण चंद्रपॉल 10 रन और एलिक एथनाजे सात रन बनाकर आउट हुए।

# विमेंस वर्ल्डकप : प्रतिका ने लगाया टूर्नामेंट का 450वां चौका, भारत-26 पर 0

**विशाखापटनम।** विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में आज भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच विशाखापट्टनम में खेला जा रहा है। डॉ वायएस राजशेखर स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया है। भारतीय टीम ने 7 ओवर में बिना नुकसान के 26 रन बना लिए हैं। स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल क्रीज पर हैं। प्रतिका के बल्लेबाज से इस टूनार्मेंट का 450वां चौका निकाला। उन्होंने चौथे ओवर में मेगन शट की 5वीं बॉल को बाउंड्री के बाहर पहुंचाया। भारत ने शुरूआती दो मैचों में पाकिस्तान और श्रीलंका को हराया है, लेकिन टीम को तीसरे मैच में साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। टीम फिलहाल पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर है। ऑस्ट्रेलिया तीन मुकाबलों में से 2 जीती है, जबकि एक मैच श्रीलंका के खिलाफ बारिश के कारण रद्द रहा था।



# स्पोर्ट्स फेस्ट लक्ष्य 2025 के रोमांचक मुकाबलों में झलकी खेल भावना



एनएनआई

**आगरा।** फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, आगरा कॉलेज, आगरा में आयोजित वार्षिक स्पोर्ट्स फेस्ट लक्ष्य 2025 का समापन उत्साह, खेल-भावना और प्रतिस्पर्धात्मक उत्कृष्टता के साथ हुआ। फेस्ट के अंतिम दिन सभी खेलों के फाइनल मुकाबले खेले गए, जिनमें विद्यार्थियों ने उमंग और जोश से भाग लिया। दिन के मुकाबलों की शुरूआत कबड्डी से हुई, जिसका शुभारंभ फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. भूपेंद्र सिंह चिकारा ने खिलाड़ियों को खेल-भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हुए किया। आज के सभी मैचों में रेफरी की भूमिका दिलशान उसमानी ने निभाई। समापन अवसर पर फैकल्टी संयोजक डॉ. यादवेंद्र शर्मा, स्पोर्ट्स हेड इंजी. राजपाल सिंह खेनवार, डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. आर. के. शर्मा, डॉ. अनुज पाराशर, डॉ. अमित रावत, ई. राहुल जैन, डॉ. गुंजन अग्रवाल, ई. आनंद राजपूत, ई. हर्षित उपाध्याय, डॉ. तनवीर कमर, ई. धीरेंद्र सिंह, डॉ. धीरेंद्र अग्रवाल, ई. राहुल अंशुमाली आदि शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। फेस्ट का सफल आयोजन विद्यार्थियों की टीम भावना, अनुशासन और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

# शारदा स्कूल में हुए बास्केटबॉल के रोमांचक मुकाबले

**आगरा** एनएनआई। शारदा वर्ल्ड स्कूल कल आयोजित अप्सा फिएस्टा के बालिका बास्केटबाल मैच का फाइनल मुकाबला शारदा वर्ल्ड स्कूल में बेहद रोमांचक और कड़ा था, जिसमें सेंट फ्रांसिस की बालिका टीम ने गायत्री पब्लिक स्कूल को 25-22 के अंतर से परास्त करते हुए विजेता बनी। इस मुकाबले में दोनों टीमों ने जबरदस्त खेल प्रदर्शन किया और दर्शकों का मन मोह लिया।सेंट फ्रांसिस की टीम की कप्तान यशिका ने मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सबसे ज्यादा पॉइंट हासिल किए और अपनी टीम को जीत की ओर ले गईं। टीम की कोच प्रतिभा सिंह ने खिलाड़ियों के प्रयासों और खेल भावना की सराहना की। टीम के अन्य सदस्यों में आरवी देवरानी, सौम्या वर्मा, अग्रिमा, आकृति ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस सफलता पर स्कूल प्रिंसिपल प्रिंसी और अभिभावकों ने पूरी टीम को बधाई दी। यह खेल आयोजन युवा खिलाड़ियों में टीम भावना और खेल के प्रति उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से सफल रहा। अप्सा फिएस्टा के माध्यम से बच्चों को खेल-कूद के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का शानदार अवसर मिला है आयोजन के सफल संचालन और बालिकाओं के शानदार खेल के लिए सभी सहभागियों, कोचों और आयोजकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं।



# रविवार, 12 अक्टूबर राशिफल

मेष राशि के लिए कल सोमवार का दिन लाभदायक होगा। आपको कुछ नया करने और सीखने का मौका मिलेगा। व्यापार में आपको लाभ का मौका मिलेगा। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला भी आज आपको सीखने की जरूरत है। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

वृषभ राशि, संयम बरतने की जरूरत हैवृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ फलदायी होगा। आपको अपने व्यवहार में संयम बरतने की जरूरत होगी। राजनीति के क्षेत्र में किए गए प्रयासों में आज आपको सफलता मिलेगी।

मिथुन राशि के लोगों के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज शाम को आपको अपने परिजनों के साथ किसी शुभ कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलेगा। आज किसी कीमती वस्तु के खोने या चोरी होने का भय रहेगा। संतान पक्ष से आपको आज हर्ष की अनुभूति होगी।

कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। आपको आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास में सफलता मिलेगी। आपको आज कोई नई और आनंददायक खबर मिलेगी। व्यापार और व्यवसाय के लिए की गई यात्रा सुखद और लाभदायक रहेगी।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज सोमवार का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज विरोधी और शत्रुओं से सतर्क रहने की जरूरत है। आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। शाम के समय जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता हो सकती है।

कन्या राशि के लोगों के लिए आज का दिन कार्यक्षेत्र में कामयाबी दिलाने वाला रहेगा। नौकरी की तलाश में जुटे जातकों को आज कोई शुभ सूचना मिलेगी। संतान पक्ष से कोई सुखद समाचार प्राप्त होगा। यदि कोई कानूनी विवाद चल रहा है तो आज उसमें आपको सफलता मिलेगी।

तुला राशि के जातको के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। आपको आज घर परिवार में सुख और आनंद का मौका मिलेगा। आप आज परिवार के किसी सदस्य से मिल सकते है। आपको आज नौकरी में कुछ नई जिम्मेदारी मिलेगी और आपकी अपनी क्षमता साबित करनी होगी।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन सेहत के मामले में मिलाजुला रहेगा। आपको आज आर्थिक मामलों में संयम से काम लेना होगा, कुछ अनचाहे खर्च भी होंगे। परिवार में आज कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। यदि आपने साझेदारी में कोई व्यापार किया है तो वह आपके लिए बहुत ही लाभदायक रहेगा।

आज सोमवार का दिन धनु राशि के जातकों के लिए आर्थिक मामलों में अनुकूल और लाभदायक रहेगा। सामाजिक और राजनीतिक कार्यो में आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा। आज का दिन आपके लिए अपने रुके हुए कार्यों को पूरा करने का रहेगा।

मकर राशि के जातको के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आपका काम काज आज अच्छा चलेगा। पारिवारिक जीवन में आपके आज तालमेल बना रहेगा। माता पिता से आपको आज स्नेह और सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन में आपके आज तालमेल बना रहेगा।

कुंभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन नौकरी और कामकाज के लिहाज से अच्छा रहेगा। लेकिन आपको आज विरोधियों और शत्रुओं से सतर्क रहना होगा। आपके यह भी जरूरी है कि आप आज किसी भी प्रकार के वाद विवाद से दूर रहें।

मीन राशि के जातको के लिए आज सोमवार का दिन अच्छा रहेगा। आपको आज कामकाज में सतर्क रहना होगा। ससुराल पक्ष के संबंधियों से आपको आज तनाव मिल सकता है। भाइयों के साथ आपका तालमेल आज बना रहेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# निवेश की राह में बंधन म्युचुअल फंड्स व विभव कैपिटल का साथ





### निवेशकों के लिए कई फंड

निवेशकों के लिए कई प्रकार के फंड उपलब्ध हैं, जैसे बंधन स्मॉल कैप फंड, बंधन बैंकिंग और पीएसयू डेट फंड, और बंधन कॉरपोरेट बॉन्ड फंड। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति के विरुद्ध हिस्सेदारी ही एकमात्र उपाय है और निवेशकों को धन सृजन हेतु अनेक प्रभावशाली साधन बताए। धन बढ़ाने के लिए धन से ज्यादा उचित जानकारी की आवश्यकता होती है। अंत में उन्होंने निवेशकों को सलाह देते हुए कहा कि सभी को अपने धन को सुरक्षित रखने के लिए शलब गुप्ता व उनकी टीम से अनिवार्य रूप से जुड़ना चाहिए।

एनएनआई

**आगरा।** होटल ओबेरॉय अमरविलास में बिभव कैपिटल के संस्थापक शलब गुप्ता विभव के द्वारा एक वित्तीय सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गौरव पारिजा (सेल्स एंड मार्केटिंग हेड - बंधन एएमसी लिमिटेड) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। एक कर्मठ शिक्षाविद् व प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता व इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने उनका भरपूर जोश व उत्साह के साथ स्वागत किया।

गौरव पारिजा जी सेल्स, मार्केटिंग, बिजनेस डेवलपमेंट और स्ट्रेटेजिक इनिशिएटिव्स के विशेषज्ञ हैं। बंधन एएमसी से पूर्व वे फ्रैंकलिन टेम्पलटन में निदेशक के रूप में कार्यरत थे। म्युचुअल फंड्स वितरण में गौरव जी की विशेषज्ञता प्रमुख रूप से उल्लेखनीय है। उनकी नेतृत्व क्षमता व उद्योग ज्ञान ने बंधन एएमसी के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

गौरव ने सभी को वित्तीय योजनाओं के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि बंधन म्यूचुअल फंड, जिसे पहले आईडीएफसी म्यूचुअल फंड के नाम से जाना जाता था, भारत में एक प्रमुख म्यूचुअल फंड हाउस है, जो इक्विटी, डेट और हाइब्रिड जैसी विभिन्न श्रेणियों में निवेश योजनाएँ प्रदान करता है। यह फंड प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों के मामले में एक बड़े खिलाड़ी के रूप में उभरा है और विभिन्न प्रकार की योजनाओं के माध्यम से निवेशकों की जरूरतों को पूरा करता है।

मुख्य वक्ता ने शलब गुप्ता के कार्यों, प्रयासों व उनके द्वारा आयोजित सत्र व विभव कैपिटल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि वे वास्तव में एक प्रशंसनीय व्यक्तित्व हैं और उनके अटूट प्रयासों के कारण यह सत्र संभव हो सका है। इस अवसर पर पूरन डाबर, गोपाल गुप्ता, सुनील मनचंदा, सुमित विभव, ईशान सचदेवा, श्वेतांग प्रकाश, ब्लॉसम प्रकाश, अतुल जैन, संजय तोमर, शांति स्वरूप गोयल, कुलदीप पाठक, विभव परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विभव कैपिटल की स्वामिनी ईशा गुप्ता ने किया।

## होटल क्लार्क्स शीराज में हुई केक मिक्सिंग सेरेमनी

एनएनआई



**आगरा।** क्रिसमस एवं नव वर्ष को देखते हुए होटल क्लार्क्स शीराज ने होटल में ठहरे हुए विदेशी अथितियों के साथ केक मिक्सिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया।

होटल के उपाध्यक्ष अमूल्य कक्कड़ ने सभी अथितियों को आगामी त्योहारों की बधाई दी और बताया कि केक मिक्सिंग के लिए कई टॉप विदेशी ब्रांड्स की स्प्रिट्स एवं वाइन्स और कई प्रकार के ड्राई फ्रूट्स मिक्स किये गए हैं। होटल के प्रमुख शेफ उमेश कुण्डलिया ने बताया कि सभी प्रकार कि लिकर एवं ड्राई फ्रूट्स को मिलाकर मिक्सचर को करीब एक महीने के लिए स्टोर किया जाता और फिर फरमेंटेशन की प्रक्रिया के पश्चात एक स्वादिष्ट केक तैयार होता है, मिक्सिंग के समय होटल में ठहरे हुए विदेशी अथितियों ने हर्ष और उल्लास के साथ मिक्सिंग में हिस्सा लिया।

## एयर राइफल शूटिंग में शूटरों ने साधे लक्ष्य



एनएनआई

**आगरा।** रिम फायर एंड एयर राइफल बेंच रेस्ट शूटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित दो दिवसीय एयर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ 1 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, बालूगंज मैदान में उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन एसीपी इमरान अहमद ने स्वयं निशानेबाजी कर किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष रजत विज और हिना विज ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर से आए 120 प्रतिभागी बच्चे और 40 एनसीसी कैडेट्स अपनी निशानेबाजी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतिभागी ओडिशा, नागालैंड, लखनऊ, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, प्रयागराज और उत्तराखंड सहित सात राज्यों से पहुंचे हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में एकाग्रता, अनुशासन और आत्मविश्वास जैसी गुणों को प्रोत्साहित करते हुए निशानेबाजी को खेल के रूप में लोकप्रिय बनाना है। प्रतियोगिता में आयुष गर्ग (भवानी गन हाउस), प्रमोद पॉल (ट्रांजेक्ट्रान), साइमन शरीफ (इंडियन शूटिंग डॉट कॉम) तथा राजेश कुमार (एयर सॉफ्ट गन इंडिया), भवतेज (कायसर) का विशेष रूप से सहयोग है। मैदान में प्रतिभागियों का जोश और लक्ष्यभेदी दृढ़ता देखने लायक थी।

